Rajasthan Police Academy
सत्यमेव जयते
Security, Justice & Peace

July - September, 2021

# Rajasthan Police Academy
## News Letter




## इस अंक में .....

- राजस्थान पुलिस अकादमी को मिली केन्द्रीय गृह मन्त्री ट्रॉफी
- राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों का दीक्षान्त परेड समारोह
- भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को डीजीपी डिस्क
- स्वतन्त्रता दिवस समारोह 2021
- उप निरीक्षक फाउण्डेशन प्रथम बैच का प्रशिक्षण प्रारम्भ
- ड्रिल नर्सरी एवं कल्याण केन्द्र का उद्‌घाटन
- बाल संरक्षण पर उदयपुर एवं अजमेर में रेंज स्तरीय प्रशिक्षण



# निदेशक की कलम से......

राजस्थान पुलिस अकादमी को वर्ष 2019–20 के लिए राजपत्रित अधिकारियों के प्रशिक्षण हेतु सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी की केन्द्रीय गृह मन्त्री ट्रॉफी प्राप्त हुई। यह अवसर राजस्थान पुलिस अकादमी के सभी कार्मिकों के लिए एक यादगार पल रहा। इस उपलब्धि को हासिल करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए वर्तमान एवं निःवर्तमान अधिकारियों/कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

कोरोना महामारी से उत्पन्न हुई परिस्थितियों से उबरने के बाद एक बार फिर से राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा पूर्ण क्षमता के साथ प्रशिक्षण गतिविधियां प्रारम्भ की गई है। राजस्थान पुलिस में नवनियुक्त उप निरीक्षकों हेतु प्रथम बार फाउण्डेशन कोर्स प्रारम्भ किया गया। जिसमें राजस्थान पुलिस के तीनों कैडर (सिविल पुलिस, आरएसी एवं आसूचना ब्यूरो) के उप निरीक्षकों हेतु 09 सप्ताह का फाउण्डेशन कोर्स आयोजित किया गया। इस फाउण्डेशन कोर्स में 435 उप निरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

राजस्थान पुलिस सेवा के 65 अधिकारियों एवं 44 कानिस्टेबलों का दीक्षान्त परेड समारोह दिनांक 12 सितम्बर 2021 को माननीय पुलिस महानिदेशक की गरिमामय उपस्थिति में हुआ। मौसम की विषम परिस्थितियों के बावजूद भी राजस्थान पुलिस अकादमी की टीम ने इस आयोजन को सफल बनाया जिसके लिए पूरी टीम बधाई की पात्र है। इसी प्रकार की प्रतिबद्धता राजस्थान पुलिस अकादमी को सर्वश्रेष्ठ स्तर पर बनाए रखने मे सहायक सिद्ध होगी।

राजस्थान पुलिस अकादमी की आधारभूत सुविधाओं के विकास के क्रम में ''ड्रिल नर्सरी'' का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा किया गया। 6 सामरिक विषयों पर चयनित इन्टर्नस् द्वारा शोध कार्य किया जा रहा है, इसके साथ ही विभिन्न विषयों पर प्रकाशन का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। बाल संरक्षण मुद्दों पर उदयपुर एवं अजमेर रेंज के लिए रेंज स्तरीय कार्यक्रम राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा आयोजित किए गए है। न्यायिक अधिकारियों, अभियोजन अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के लिए CCPWC योजना के तहत साईबर अपराधों पर अनवरत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा सामाजिक सरोकार से जुडे हुए मुद्दों एवं नवाचारों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रकार के नवाचार निश्चित ही न केवल राजस्थान पुलिस अकादमी अपितु सम्पूर्ण राजस्थान पुलिस के कार्मिकों के लिए लाभप्रद होंगें।

जय हिन्द।

*राजीव शर्मा*
*निदेशक*

# राजस्थान पुलिस अकादमी को मिली सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी की ट्रॉफी



दिनांक 4 सितम्बर 2021 को राजस्थान पुलिस अकादमी को गृह मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए राजपत्रित अधिकारियों के प्रशिक्षण की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी चुने जाने पर माननीय गृह मंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री राजीव शर्मा को पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्र स्तरीय समारोह में केन्द्रीय गृह मन्त्री ट्रॉफी और स्क्रॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान पुलिस अकादमी को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016–17 एवं 2019–20 के लिए राजपत्रित श्रेणी में देश की सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी चुना गया है। इससे पूर्व 2015–16 में अराजपत्रित श्रेणी में भी राजस्थान पुलिस अकादमी को देश सर्वश्रेष्ठ पुलिस अकादमी चुना गया था।
राजस्थान पुलिस अकादमी के तत्कालीन निदेशक एवं वर्तमान में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक श्री हेमन्त प्रियदर्शी को भी डिस्क और स्क्रॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पुलिस महानिदेशक श्री मोहन लाल लाठर ने इस उपलब्धि पर राजस्थान पुलिस अकादमी की पूरी टीम को बधाई दी। राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा के ट्रॉफी के साथ वापस आगमन पर अकादमी की पूरी टीम द्वारा उल्लासपूर्वक स्वागत किया गया।






# राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों एवं रिक्रूट कानिस्टेबलों का दीक्षान्त परेड समारोह



दिनांक 12 सितम्बर 2021 को राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे राजस्थान पुलिस सेवा के 65 तथा 44 रिक्रूट कानिस्टेबलों का दीक्षान्त परेड समारोह पुलिस महानिदेशक श्री मोहन लाल लाठर की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक महोदय ने परेड की सलामी ली तथा प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस दीक्षान्त परेड में खेल कोटा से चयनित राजस्थान पुलिस अधिकारियों ने भी भाग लिया।



राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने पुलिस महानिदेशक महोदय एवं उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए पास आउट होने वाले प्रशिक्षणार्थियों की प्रशिक्षण गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक महोदय ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई देते हुए आने वाले समय में पुलिस सेवा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंनें कहा कि पुलिस अधिकारियों का पासिंग आउट परेड के बाद एक नया जीवन प्रारम्भ होता है, जो काफी अनुशासन एवं जिम्मेदारियों से भरा होता है। उन्होनें सभी प्रशिक्षणार्थियों को राजस्थान पुलिस की आदर्श आचार संहिता का पालना करने तथा पूर्ण ईमानदारी से कार्य करने एवं निष्पक्ष कार्यप्रणाली को अपनाने का भी आह्वान किया।

पुलिस महानिदेशक महोदय ने राजस्थान पुलिस



सेवा के बैच में आलराउण्ड बेस्ट प्रदर्शन करने पर श्री राजेश कसाना को स्वार्ड ऑफ ऑनर प्रदान की। इसके साथ ही फायरिंग व ड्रिल में प्रथम रहे आदित्य पूनिया, अपराध शास्त्र में प्रथम रही गरिमा जिन्दल, विधि विषयों में प्रथम रहे राजेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर में प्रथम रहे रुप सिंह एवं घुडसवारी में प्रथम रहे पीयूष कविया को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अन्त में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री सचिन मित्तल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित करते हुए पास आउट होने वाले सभी प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।



# भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति

दिनांक 12 सितम्बर 2021 को राजस्थान पुलिस अकादमी में दीक्षान्त परेड समारोह के दौरान पुलिस महानिदेशक श्री मोहन लाल लाठर ने सराहनीय सेवाओं के लिए भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को महानिदेशक पुलिस प्रशस्ति (डीजीपी डिस्क) प्रदान की।



महानिदेशक पुलिस, आसूचना, श्री उमेश मिश्रा



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन, श्री जंगा श्रीनिवास राव



पुलिस आयुक्त जयपुर, श्री आनन्द श्रीवास्तव



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी, श्री अशोक राठौर



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सर्तकता, श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ,



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, श्रीमती बिनिता ठाकुर



उप महानिरीक्षक पुलिस, एससीआरबी,
श्री शरत कविराज



उप महानिरीक्षक पुलिस, कार्मिक,
श्रीमती एस परिमाला



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपुर,
श्री अजयपाल लाम्बा



उप महानिरीक्षक पुलिस, अपराध शाखा,
श्री जय नारायण शेर



अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जयपुर,
श्री राहुल प्रकाश



पुलिस अधीक्षक, जयपुर ग्रामीण,
श्री शंकरदत्त शर्मा

# स्वतन्त्रता दिवस समारोह 2021

राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर स्थित स्टेडियम में स्वाधीनता दिवस समारोह का हर्षोल्लास से आयोजन किया गया। समारोह में अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया और परेड की सलामी ली गई और परेड का निरीक्षण किया। परेड में प्रशिक्षणार्थी कॉन्स्टेबल, उप निरीक्षक प्रोबेशनर्स एवं आरपीएस प्रोबेशनर्स के 5 दल (प्लाटून) सम्मिलित रहे।



अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में स्वाधीनता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रत्येक युवा को अपना योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को डीजीपी डिस्क एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया और अस्थाई कर्मचारियों को नगद इनाम वितरित किए गए और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह संपन्न होने के पश्चात मिठाइयां वितरित की गई ।

स्वाधीनता समारोह के पश्चात अकादमी के प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं के मध्य मैत्री फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें अनुभव और जोश का मिश्रण देखने को मिला।



# डीजीपी ने आरपीए में कल्याण केंद्र, ड्रिल नर्सरी व थियेटर में एचडी प्रोजेक्टर का किया लोकार्पण



महानिदेशक पुलिस श्री एम एल लाठर ने 30 जुलाई को राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में कल्याण केंद्र, ड्रिल नर्सरी एवं थियेटर में एचडी क्वालिटी से दिखाए जाने वाले प्रोजेक्टर का शुभारंभ किया।

कल्याण केंद्र के शुभारंभ के समय महानिदेशक की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन लाठर सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की धर्मपत्नियॉ भी मौजूद थीं।

श्री लाठर ने राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में ही कल्याण केन्द्र का लोकार्पण किया। कल्याण केन्द्र के आधुनिकीकरण के लिए पुलिस आवासन, राजस्थान द्वारा 27 लाख रुपये का आवंटन किया गया। इससे परिसर की मरम्मत व रिनोवेशन कर पुलिसकर्मियों के बच्चों के लिए पुस्तकालय, कम्प्यूटर सम्बन्धित गतिविधियों एवं सेवा संकुल की महिलाओं एवं बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की कार्यकलाप एवं राजगारोन्मुखी कौशल विकास कार्यक्रम को करवाए जाने की व्यवस्था की गई है।

कल्याण केन्द्र में गर्ल्स व बॉयज के बैठने की अलग–अलग व्यवस्था की गई है, जहां वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते है। इसके साथ बच्चों के मनोरंजन व उनकी रुचि को जाग्रत करके सृजनात्मक कार्यो से जोड़ने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

महानिदेशक ने आरपीए स्थित ऑडिटोरियम में नए प्रोजेक्टर का शुभारंभ किया। मुम्बई की इनॉक्स लेजर लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड से प्रशिक्षणार्थियों एवं पुलिसकर्मियों को समय–समय पर प्रशिक्षण व मनोरंजन संबंधी फिल्में दिखाऐ जाने हेतु 15 लाख 27 हजार रुपये लागत का प्रोजेक्टर स्थापित किया गया है। इस प्रोजेक्टर के स्थापित होने से बड़े पर्दे पर प्रशिक्षण फिल्में, मनोरंजक फिल्में आदि दिखाई जा सकेंगी।

श्री लाठर ने ड्रिल नर्सरी का भी शुभारंभ किया।



अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक आरपीए श्री राजीव शर्मा ने बताया कि तत्कालीन निदेशक आरपीए ने वर्ष 2019 में मध्यप्रदेश के बडवाह स्थित सीआईएसएफ के ट्रेनिग सेंटर के भ्रमण के दौरान

वहां की ड्रिल नर्सरी देखी। इससे प्रभावित होकर राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षुओं के ड्रिल के स्तर व बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए यहां भी ड्रिल नर्सरी के निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई । इसके निर्माण पर 10.21 लाख रुपये की राशि व्यय की गई है।

इस अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता और सचिन मित्तल तथा डीआईजी कैलाश चन्द्र व आरपीए के डिप्टी डायरेक्टर मनीष अग्रवाल सहित पुलिस अधिकारी गण मौजूद थे।







# उदयपुर में रेंज स्तरीय बाल संरक्षण प्रशिक्षण

दिनांक 25 अगस्त 2021 से 27 अगस्त 2021 तक राजस्थान पुलिस अकादमी तथा यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में उदयपुर पुलिस लाईन स्थित सभागार में तीन दिवसीय रेंज स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में उदयपुर रेंज के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों, मानव तस्करी यूनिट के अधिकारियों, विशेष किशोर पुलिस इकाई के अधिकारियों, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ सभांगीय आयुक्त, उदयपुर श्री राजेन्द्र भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंनें बताया कि बालक, भविष्य के नागरिक हैं जिन्हे विशेष अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं, जिनके संरक्षण में माता–पिता से लेकर सभी संरचनाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। श्री भट्ट ने बच्चो को देश की सर्वोच्च निधि और देश के भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए पुलिस अधिकारियों में बच्चों के विरूद्व होने वाले अपराधों और विधि से सघर्षरत किशोर और देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले अधिकारियों के संबंध में कार्यवाही करते समय अपेक्षित संवेदनशीलता और विधिक प्रक्रियाओं के ज्ञान की आवश्यकताओं पर बल दिया जिससे बाल अधिकारियों संरक्षण हो और बालकों के विकास और कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सके।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों ने




बालकों के अधिकारों, उनके संबंध में नवीन कानूनों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हितधारकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न हितधारकों के मध्य समन्वय की आवश्यकता पर प्रतिभागियों के मध्य विस्तृत चर्चा हुई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो श्री कैलाश विश्नोई ने सभी हितधारकों से बालकों के सर्वोत्तम हित को ध्यान रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से नवीनतम कानूनों में दी गई प्रक्रियाओं के अनुरुप संवेदनशील होकर कार्य करने का आह्वान किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन राजस्थान पुलिस अकादमी की ओर से सहायक निदेशक श्री सौरभ कोठारी, पुलिस निरीक्षक श्री धीरज वर्मा, यूनिसेफ के कन्सलटेंट श्री विश्वास शर्मा एवं श्री अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।



# अजमेर में रेंज स्तरीय बाल संरक्षण प्रशिक्षण

दिनांक 28 सितम्बर 2021 से 30 सितम्बर 2021 तक राजस्थान पुलिस अकादमी तथा यूनिसेफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में अजमेर पुलिस लाईन स्थित सभागार में तीन दिवसीय रेंज स्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बाल संरक्षण संबंधित अधिनियमों पर रेंज के सभी जिलों के विशेष किशोर पुलिस इकाइयों, थानों में पदस्थापित बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एवं एचटीयू प्रभारी, सीडब्ल्यूसी मेम्बर के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ करते हुए पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज, अजमेर श्री एस सेंगथिर ने सभी हितधारकों से बाल संरक्षण में अपनी भूमिका का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ करने का आह्वान किया। उन्होंने अजमेर रेंज में चलाये जा रहे ''आवाज दो'' अभियान की जानकारी देते हुए इस अभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गो को बाल संरक्षण के मुद्दे पर जुडाव रखने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञों ने बालकों के अधिकारों, उनके संबंध में नवीन कानूनों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हितधारकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न हितधारकों के मध्य समन्वय की आवश्यकता पर प्रतिभागियों के मध्य विस्तृत चर्चा हुई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश चन्द्र शर्मा ने राजस्थान पुलिस अकादमी एवं यूनिसेफ की इस पहल का स्वागत करते हुए बताया कि इस प्रकार की कार्य शालाओं से नए अधिनियमों और नियमों पर जानकारी मिलती है, जिसका लाभ अधिकारियों को लेना चाहिए। उन्होंने इस प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी को अपने सहयोगियों के साथ साझा करने का आह्वान किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन राजस्थान पुलिस अकादमी की ओर से सहायक निदेशक श्री सौरभ कोठारी, पुलिस निरीक्षक श्री धीरज वर्मा, यूनिसेफ के कन्सलटेंट श्री विश्वास शर्मा एवं श्री अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया।



# उप निरीक्षक फाउण्डेशन प्रशिक्षण



दिनांक 26 जुलाई 2021 को नव नियुक्त उप निरीक्षकों का फाउण्डेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। उप निरीक्षकों हेतु प्रथम बार फाउण्डेशन कोर्स आयोजित किया गया जिसमें उप निरीक्षक पद के तीनों कैडर (सिविल पुलिस, आर्म्ड पुलिस एवं आसूचना) के प्रशिक्षु अधिकारी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण का शुभारम्भ करते हुए राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा ने सभी प्रशिक्षुओं का पुलिस सेवा में स्वागत किया एवं उन्हें पुलिस सेवा में अनुशासन के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को पूर्ण लगन एवं कर्तव्यनिष्ठा से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया। राजस्थान पुलिस अकादमी के उप निदेशक एवं प्राचार्य श्री मनीष अग्रवाल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की रुपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को उच्च स्तरीय अनुशासन बनाए रखने एवं पुलिस सेवा की चुनौतियों से अवगत कराया।



दिनांक 27 सितम्बर 2021

इस फाउण्डेशन प्रशिक्षण में नवनियुक्त 435 अधिकारियों ने राजस्थान पुलिस अकादमी में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। यह प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी स्थाई आदेश के अनुरुप 9 सप्ताह की अवधि के लिए आयोजित किया गया।






राजस्थान पुलिस अकादमी में CCPWC योजना के अन्तर्गत निरन्तर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जुलाई से सितम्बर के मध्य इसके तहत 13 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें 246 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रतिभागियों के रुप में न्यायिक अधिकारी, अभियोजन अधिकारी एवं पुलिस अधिकारी सम्मिलित रहे।

इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ऑनलाईन धोखाधडी, महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हो रहे साईबर अपराधों की जानकारी तथा इनकी रोकथाम एवं अनुसंधान के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही सीसीटीएनएस एवं अन्य एप्लीकेशन्स के बारे में भी जानकारी प्रदान की जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 27 अगस्त से 29 अगस्त 2021 तक न्यायिक अधिकारियों एवं अभियोजन अधिकारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 30 अधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें 3 स्पेशल जज, 4 जिला जज, 3 एडीजे तथा 20 अभियोजन अधिकारियों ने भाग लिया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में पधारे अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, श्री सचिन मित्तल ने प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए आपराधिक न्याय व्यवस्था में न्यायिक, अभियोजन तथा पुलिस अधिकारियों के समन्वय के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने साईबर अपराधों की रोकथाम एवं अनुसंधान के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रणाली पर भी चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने न्यायिक अधिकारियों एवं अभियोजन अधिकारियों को फील्ड में कार्य कर रहे पुलिस अधिकारियों से यथा समय संवाद स्थापित कर मार्गदर्शन करने का भी आह्वान किया।



## निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर

दिनांक 5 जुलाई 2021 को मैट्रो मास अस्पताल एवं राजस्थान पुलिस अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बडी संख्या में राजस्थाान पुलिस अकादमी में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों, प्रशिक्षुओं तथा सेवा संकुल आवासीय परिसर में रह रहे पुलिस कर्मियों के परिजनों की शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी आदि जांचे की गई तथा वहां उपस्थित चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया गया।



## नेत्रदान अभिप्रेरण सत्र



''नेत्रदान महादान'' के ध्येय वाक्य तथा ''अन्धेरे सपनों में रंग भरो, नेत्रदान करो'' के लक्ष्य के साथ दिनांक 31.08.2.21 को राजस्थान पुलिस अकादमी में 'आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान' के द्वारा नेत्रदान के लिए जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से ऑनलाईन अभिप्रेरण सत्र रखा गया। इस अभिप्रेरण सत्र मे बडी संख्या में राजस्थान पुलिस अकादमी के अधिकारियों, प्रशिक्षकों तथा प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान की ओर से इस अभिप्रेरण सत्र में भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी, श्री अशोक भण्डारी तथा उनकी टीम ने नेत्रदान के संबंध में विभिन्न जानकारियाँ प्रदान करते हुए नेत्रदान से जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। इस अवसर पर बडी संख्या में प्रशिक्षु अधिकारियों ने नेत्रदान का संकल्प लिया।



# तीज महोत्सव

दिनांक 12 अगस्त 2021 को "The Rajasthan Police Men's Families Welfare Society" के सौजन्य से तीज महोत्सव का आयोजन राजस्थान पुलिस अकादमी के ऑडिटोरियम में किया गया।





इस कार्यक्रम में सोसायटी की अध्यक्षा श्रीमति सुमन लाठर, उपाध्यक्षा श्रीमति भावना शर्मा सहित सोसायटी की अन्य पदाधिकारियों, राजस्थान पुलिस अकादमी स्थित सेवा संकुल आवासीय परिसर की महिलाओं/बालिकाओं, राजस्थान पुलिस अकादमी की महिला अधिकारियों/कर्मचारियों सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला प्रशिक्षुओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया गया तथा परिधान, मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोसायटी की अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारियों ने विजेताओं को पुरस्कृत उनका उत्साहवर्धन किया।



**श्री महेन्द्र कुमावत,**
**आईपीएस (सेवानिवृत्त)**

दिनांक 24 अगस्त 2021 को राजस्थान पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्त आईपीएस एवं भूतपूर्व अध्यक्ष, राजस्थान लोक सेवा आयोग श्रीमहेन्द्र कुमावत ने प्रशिक्षु अधिकारियों को आतंकवाद, नक्सलवाद एवं धर्म निरपेक्षता की वर्तमान परिस्थितियों के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने आतंकवाद एवं नक्सलवाद की चुनौतियों का सामना करने के लिए पुलिस अधिकारियों को विशिष्ठ प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने देश की वर्तमान परिस्थितियों पर चर्चा करते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द की चुनौतियों से भी प्रशिक्षु अधिकारियों का अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को जातिवाद एवं सम्प्रदायवाद से ऊपर उठकर पूर्ण प्रतिबद्धता से अपने कर्तव्य का पालन करने का आह्वान किया।



**श्री सांगाराम जांगिड,**
**आईपीएस (सेवानिवृत्त)**

दिनांक 21 सितम्बर 2021 को राजस्थान पुलिस अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे उप निरीक्षक फाउण्डेशन बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक विशिष्ठ सत्र का आयोजन किया गया जिसमें तमिलनाडू के सेवानिवृत्त डीजीपी श्री सांगाराम जांगिड ने प्रशिक्षु अधिकारियों को सम्पत्ति संबंधी अपराधों के अनुसंधान की बारीकियों से अवगत कराया।



उल्लेखनीय है कि श्री जांगिड ने वर्ष 2005–06 में तमिलनाडू में हुई एक विधायक की हत्या एवं डकैती के मामले में बावरिया गैंग का पर्दाफाश किया था। इस पूरे ऑपरेशन को श्री जांगिड ने स्वयं लीड किया तथा लगभग 5 महीने के अथक प्रयासों के बाद मामले का खुलासा करते हुए बावरिया गैंग को पकडा। इस गैग से राष्ट्रीय स्तर पर कई लूट/डकैती के मामलों का खुलासा हुआ। इस ऑपरेशन पर एक फिल्म ''थिरन'' भी बनाई गई जो काफी लोकप्रिय हुई।



श्री जांगिड ने इस केस के बारे में चर्चा करते हुए फिंगर प्रिंट की अनुसंधान में उपयोगिया को समझाया तथा छोटी से छोटी साक्ष्य के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# सेवानिवृत्ति समारोह

राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा अकादमी में पदस्थापित श्री जीव प्रकाश जोशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं रामेश्वर प्रसाद प्लाटून कमांडर की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दोनों पुलिस अधिकारीगणों द्वारा अपने सेवाकाल के दौरान अकादमी में पदस्थापित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गणों के द्वारा मिले सहयोग के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया । राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा के द्वारा दोनों अधिकारी गणों को साफा और माला पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर दोनों अधिकारी गणों को सेवाकाल के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए बधाई दी एवं आगामी जीवन के लिए उन्हें व उनके परिवार जनों को शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के इस अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में राजस्थान पुलिस अकादमी के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।





## दिनांक 01.07.2021 से 30.09.2021 तक आयोजित किए गए बेसिक प्रशिक्षण कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1 | खेल कोटे से नवनियुक्त आर.पी.एस. प्रशिक्षु प्रारम्भिक प्रशिक्षण | आरपीएस प्रोबे–01 | 02 |
| 2 | महिला रिक्रूट कानि0 का प्रारम्भिक प्रशिक्षण | कानि रिक्रूट–8 | 08 |
| 3 | कानि0 रिक्रूट (बैण्ड) 8 माह का व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स पु–1 | कानि रिक्रूट–1 | 01 |
| 4 | कानि0 रिक्रूट का प्रारम्भिक प्रशिक्षण | कानि रिक्रूट–36, म–2, पु–34 | 36 |
| 5 | आरपीएफ कानि0 रिक्रूट (बैण्ड) 8 माह का व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स पु–92 | कानि बैण्ड–90, पु–90 | 90 |
| 6 | कानि0 रिक्रूट (घुडसवार) 06 माह का व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स पु–1 | कानि घुड़–01, पु–01 | 01 |
| 7 | उप निरीक्षक (प्रोबे0) का 4 सप्ताह का सैण्डविच प्रशिक्षण कोर्स | उनि–1, पु–1 | 01 |
| 8 | आरपीएस प्रशिक्षु का द्वितीय फेज का 12 सप्ताह का "Advance Professional Skill Enhancement Course" | आरपीएस–60 | 60 |
| 9 | आरपीएस प्रशिक्षु का द्वितीय फेज का 12 सप्ताह का "Advance Professional Skill Enhancement Course" | आरपीएस–01 | 01 |
| 10 | उप निरीक्षक (प्रोबे.) को फाउण्डेशन कोर्स | उनि–435, म–117, पु–329 | 435 |
| 11 | रिक्रूट कानि0 का प्रारम्भिक प्रशिक्षण (दि0 23.08.2021 से प्रारम्भ) | कानि रिक्रूट–92, म–42, पु–50 | 92 |
| | कुल योग | | 727 |

## दिनांक 01.07.2021 से 30.09.2021 तक आयोजित पीसीसी प्रशिक्षण कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1 | उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक पीसीसी | उनि–3 | 03 |
| 2 | उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक पीसीसी | उनि–14 | 14 |
| 3 | कानि से हैड कानि (घुड़सवार) पीसीसी | कानि–1 | 01 |
| 4 | कानि से हैड कानि (बैण्ड) पीसीसी | कानि–3 | 03 |
| 5 | हैड कानि से उपनिरीक्षक(घुड़सवार) पीसीसी | हैड कानि–1 | 1 |
| | कुल योग | | 22 |

## दिनांकः–01.07.2021 से 30.09.2021 तक आयोजित इन हाउस विशिष्ठ कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1. | Investigation of Cases under POCSO Act 2012 | Dysp-2, CI-9, SI-20, M-27, F-4 | 31 |
| 2. | Art of Supervision of Investigation for Senior Officers | Addl.SP-2, Dysp-29, M-29, F-2 | 31 |
| 3. | Investigation of Organized Crime | Dysp-1, CI-3, SI-30, M-33,F-1 | 34 |
| 4. | Stress Free Living | Dysp-2, CI-6, SI-28, M-32,F-4 | 36 |
| | कुल योग | | 132 |

## दिनांक :–01.07.2021 से 30.09.2021 तक आयोजित अन्य विशिष्ट कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1. | Online Training on Investigation of Cyber Crime and Data Analysis | Dysp-1, SI-2, HC-5, M-30 | 30 |
| 2. | TOT for Police Officers at Police Station-Reception Center | CI-10, SI-15, ASI-7, M-29,F-3 | 32 |
| 3. | Gender Sensitization for Police Officers | SI-1,ASI-12,HC-18,FC-11, M-39,F-3 | 42 |
| 4. | Training programs for SJPU's/ CWPO's on child protection issues at RPA | Dysp-16, CI-12, SI-6, M-31,F-3 | 34 |
| | कुल योग | | 138 |

## दिनांक:–01.07.2021 से 30.09.2021 तक आयोजित बीपीआरएण्डडी (निर्भया फण्ड) कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | बैच | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1. | Investigators on Women's Safety (BPR&D) | 6 | 151 |

## दिनांक:–01.07.2021 से 30.09.2021 तक आयोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | बैच | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1. | Cyber Crime Investigation for LEA (CCPWC) | 13 | 246 |

## दिनांक:–01.07.2021 से 30.09.2021 तक सीडीपीएसएम द्वारा आयोजित विशिष्ठ कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1. | Ensuring Online Safety for Children and Adolescents (UNICEF) Online mode | Dysp-2, CI-13, SI-22, M-29,F-8 | 37 |
| 2. | One day Webinar on "Online Safety and Protection of Children" (UNICEF) Online mode | | 90 |
| 3. | Training programs for AHTU,SJPU/ CWPO on child protection issues at RPA(UNICEF) | CI-3,SI-2, ASI-21, M-23,F-3 | 26 |
| 4. | State level conferences on Child Protection issues | Dysp-1,CI-3,SI-1, ASI-22, | 28 |
| | **Total** | | 181 |

## दिनांक:– 01.07.2021 से 30.09.2021आयोजित प्रशिक्षण कोर्सेज

| क्र.सं. | कोर्सेज का नाम | प्रशिक्षणार्थियों की पदवार संख्या | कुल योग |
|---|---|---|---|
| 1. | Training Programme for Police Officers and other Stakeholders on Child Protection related issues Udaipur (Unicef) | पु–35 म–08 | 43 |
| 2. | Training programs for AHTU,SJPU/ CWPO on child protection issues at RPA (UNICEF) Ajmer Range | CI-2, SI-4,ASI-26,HC-1, Member-5, Counsellor-1,Coordinator-1,M-33,F-7 | 40 |
| | **TOTAL** | | 83 |




**Editorial Board**

**Editor in Chief**
Rajeev Sharma, IPS, Director

**Editor**
Dheeraj Verma, Inspector

**Members**
Sh. Kailash Chandra, DIG
Sh. Manish Agarwal, IPS, DD
Sh. Karan Sharma, AD
Sh. Rewant Dan, AD
Sh. Saurabh Kothari, AD
Smt. Suman Chaudhary, AD
Sh. Vidhya Prakash, AD

Photographs By Sagar
Typing By Makhani Devi

**Rajasthan Police Academy**
Nehru Nagar, Jaipur (Rajasthan) India
Ph. : +91-141-2302131, 2303222, Fax : 0141-2301878
E-mail : dirrpa@gmail.com  Web : www.rpa.rajasthan.gov.in

Premier # 0141-2295097